वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 210 मंगलवार 26 नवम्बर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# झुंझुनूं के जवान को जयपुर-एयरपोर्ट पर दिया गार्ड ऑफ ऑनर

## मेजर जनरल मनोज कूमेन, ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि; पैतृक गांव में अंतिम संस्कार

**जयपुर. कासं**

झुंझुनूं के जवान विनोद सिंह शेखावत (42) रविवार को मणिपुर में ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। उनकी पार्थिव देह सोमवार रात 7:40 बजे फ्लाइट से जयपुर लाई गई। शहीद विनोद सिंह को एयरपोर्ट पर सेना की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मेजर जनरल मनोज कूमेन, स्टेशन कमांडर हेड क्वार्टर सहित सैन्य अधिकारियों ने विनोद सिंह शेखावत के पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित किए। राज्य सरकार की ओर से ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मंगलवार सुबह 7 बजे शहीद विनोद सिंह की पार्थिव देह को सेना के विशेष वाहन से जयपुर से सूरजगढ़ (झुंझुनूं) लाया जाएगा। सूरजगढ़ थाने से 7 किलोमीटर दूर उनके पैतृक गांव काजड़ा तक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यहां सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। विनोद सिंह पुत्र जगमाल सिंह 2004 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वे सेना की इन्फेंट्री बटालियन 2 महार रेजिमेंट में हवलदार के पद पर तैनात थे। उनकी शहादत की खबर सुनते ही गांव में शोक की लहर छा गई। जवान विनोद सिंह के चार भाई हैं। उनके एक बेटा और



दो बेटी हैं। पत्नी सुमन कंवर बच्चों की पढ़ाई के कारण जयपुर में रहती हैं। विनोद सिंह शेखावत को 23 नवंबर को रात 11:40 बजे सर्विलांस ड्यूटी के दौरान स्वास्थ्य संबंधी परेशानी की वजह से मणिपुर के इम्फाल स्थित शिजा हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ले जाया गया था। वहां 24 नवंबर को तड़के 2:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

# कन्वेयर बेल्ट एडवांस टेक्नोलॉजी

## झालाना में 4.21 करोड़ रुपए से राज्य का पहला मैकेनाइज्ड कचरा ट्रांसफर स्टेशन बना, 100 टन रोज होगा प्रोसेस



**जयपुर. कासं**

शहर की सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए कन्वेयर बेल्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। राज्य का पहला एडवांस टेक्नोलॉजी का मैकेनाइज्ड कचरा ट्रांसफर स्टेशन झालाना डूंगरी में स्थापित किया है। अब स्टेशन पर कचरा नहीं दिखेगा और न ही स्टेशन से प्रोसेस साइट लांगड़ियावास तक परिवहन के दौरान सड़कों पर ही कचरा बिखरेगा। साथ ही लोगों को कचरा परिवहन के दौरान फैलने वाली बदबू से भी निजात मिलेगी। ग्रेटर निगम की ओर से 4.21 करोड़ रुपए की लागत से बनवाए गए इस आटोमैटिक मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन में मशीन टू मशीन कचरा संकलन तथा कॉम्पेक्शन किया जाएगा।

**दिल्ली की कंपनी को ठेका;** इस मैकेनाइज्ड ट्रांसफर स्टेशन की क्षमता 100 टन कचरा प्रतिदिन प्रोसेस की है। इसे दिल्ली की टीपीएस कंपनी ने यहां स्थापित किया है। सोमवार को स्टेशन का महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर और आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने उद्घाटन किया।

### ऐसे करेगा काम

अधीक्षण अभियांता, गैराज अतुल शर्मा ने बताया हूपर स्टेशन पर लाएंगे। यहां कन्वेयर बेल्ट से कचरे की छंटनी होगी। इसके बाद कचरे का कॉम्पेक्शन होगा। इसे कैप्सूलनुमा कंटेनर में भरा जाएगा। कंटेनर को प्रोसेसिंग साइट लांगडियावास ले जाया जाएगा।

# सैकड़ों यूनिट रक्त संग्रहित, जरूरतमंदों को मिलेगा जीवनदान

## आशाएं क्लब के अभियान से जुड़े स्टूडेंट्स और हर उम्र के लोग, कई ब्लड बैंकों का रहा सहयोग

**जयपुर. कासं**

रक्तदान को जीवनदान के रूप में देखा जाता है और इसी भावना को साकार करने के उद्देश्य से जेईसीआरसी के आशाएं क्लब की ओर से कैंपस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। इस शिविर में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर का सफल संचालन विभिन्न ब्लड बैंकों के सहयोग से किया गया, जिनमें नारायणा, स्वास्थ्य कल्याण, जयपुरिया, महात्मा गांधी, अर्जुन, एसडीएमएस, रिलीफ और गुरुकुल ब्लड बैंक शामिल थे। शिविर का उद्घाटन प्रतिष्ठित मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ। मुख्य अतिथियों में डॉ. रामेश्वर सिंह (आईपीएस), तेजस्विनी गौतम (आईपीएस, डीसीपी ईस्ट), अंतरराष्ट्रीय पहलवान पूजा सिहाग, प्रसिद्ध कबड्डी खिलाड़ी राजू लाल चौधरी, पूर्व भारतीय बास्केटबॉल टीम के कप्तान सत प्रकाश



यादव और सैयद अकबरुद्दीन शामिल थे। साथ ही भारतीय विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी और कूटनीतिक विशेषज्ञ, ऐम्बैसडर सय्यद अकबरुद्दीन और सिद्धार्थ राजहंस, जो नीति अधिकारी और यूएन विचारक हैं। इस आयोजन में रक्तदान शिविर में भाग लेने के बाद विकसित भारत और भारत के बहुपक्षीय दृष्टिकोण विषय पर सत्र में शिरकत किए। इस कार्यक्रम में जेईसीआरसी विश्वविद्यालय के कानून और लिबरल स्टडीज के 500 से अधिक छात्र भी शामिल हुए। इन छात्रों ने इस विशेष सत्र से भारत की आर्थिक स्थिति, वैश्विक साझेदारी और समावेशी वैश्विक शासन पर महत्वपूर्ण ज्ञान प्राप्त किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर अपने विचार साझा किए। डॉ. रामेश्वर सिंह ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है।



# आचार्य शशांक सागर जी को पिच्छिका श्रेष्ठ श्रावक अशोक चांदवाड़ ने प्रदान की

## समाज साधु की गतिविधियों में शत प्रतिशत भागीदारी प्रदान करें





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर में विराजमान परम पूज्य आचार्य गुरुवर शशांक सागर जी महाराज परम पूज्य संदेश सागर जी महाराज का पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम आज आयोजित किया गया इस अवसर पर परम पूज्य आचार्य गुरुवर शशांक सागर जी महाराज ने मंगल आशीर्वाद देते हुए कहा की कोई संत छोटा बड़ा नही होता हर संत को समानता की भावना से देखो समाज साधु का परिवार होता है समाज साधु की गतिविधियों में शत प्रतिशत भागीदारी निभाने का संकल्प ले तो जीवन का कल्याण संभव। समाज समिति के अध्यक्ष एमपी जैन ने बताया कि आचार्य श्री का पिच्छिका परिवर्तन का कार्यक्रम दोपहर 1:15 श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर जयपुर के आचार्य विद्यासागर सभागार भवन में ऐतिहासिक समारोह के रूप में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर कार्यक्रम का विधिवत्त शुभारंभ अध्यक्ष एमपी जैन के नेतृत्व में समाज समिति द्वारा गुरु आमंत्रण देकर सभागार भवन के लिए आमंत्रित किया गया। प्रचार संयोजक विनेश सोगानी ने बताया कि कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कर्ता के रूप में जयपुर जैन समाज के वरिष्ठ समाज सेवी, आचार्य श्री के चातुर्मास का मुख्य कलश स्थापना कर्ता अशोक चांदवाड़ श्रीमती शकुंतला चांदवाड़ , पाद पक्षालनकर्ता के रूप में युवा समाज सेवी हिमांशु जैन श्रीमती शिवानी जैन, चित्र अनावरण कर्ता के रूप में निर्मल शाह श्रीमती अंजू जैन श्रीमती सरोज बड़जात्या श्रीमती सुमन जैन राजकुमार जैन द्वारा किया गया इस अवसर पर समाज श्रेष्ठियों द्वारा पूज्य गुरुदेव की विधि विधान से संगीतमय पूजन प्रतिष्ठाचार्य प्रदुमन जी शास्त्री के निर्देशन में संपन्न हुई। कोषाध्यक्ष कैलाश सेठी ने बताया कि कार्यक्रम में मंगलाचरण के रूप में सुप्रसिद्ध भजन गायक वीरेश जैन टीटी ने मनमोहक प्रस्तुति के द्वारा शुभारंभ किया। पूज्य गुरुदेव को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य अशोक चांदवाड़ को एवम मुनि श्री संदेश सागर जी महाराज को मानसरोवर महीला मंडल को प्राप्त हुआ। कार्यकारिणी सदस्य अनिल जैन सोड़ा ने बताया कि की इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत एम पी जैन, राजेंद्र सोनी, कैलाश सेठी, विनेश सोगानी, मुकेश कासलीवाल, अनील जैन सोडा, अनील दीवान, वीरेश जैन टीटी, नरेन्द्र कासलीवाल, सुरेश जैन बांदीकुई तारा चन्द वैद पदम चंद जैन भरतपुर गिरिश जैन निर्मल शाह, कमल गोदिका संतोष कासलीवाल, सुशिला टोंग्या, बीना जैन, अंजू जैन, प्रीती सोगानी, अर्चना सोनी, नीतू जैन सोडा, कनक लता जैन ने किया कार्यकारिणी सदस्य वीरेश जैन टीटी ने बताया कि इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव ने अपनी भावना के अनुरूप श्रेष्ठ श्रावक अजित अंजू जैनएवम अविनाश जैन को अपनी पीछी प्रदान की एवं पूज्य गुरुदेव को पीछी प्रदान करने का सौभाग्य अशोक चांदवाड़ श्रीमती शकुंतला चांदवाड़, मुनि श्री संदेश सागर जी महाराज को जैनेंद्र जी निर्मला की पाटनी को प्राप्त हुआ भाग्योदय कलश नवीन जैन राजकुमार जैन को प्राप्त हुआ भगवान महावीर आराधना मंगल कलश विनेश प्रीती अनुष्ठा आरव सोगानी को प्राप्त हुआ सभी गुरु भक्तों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उप संगठन मंत्री मुकेश कासलीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाज सेवीका श्रीमती राकेश संध्या गंगवाल, महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमराव मल संघी कोषाध्यक्ष महेश काला प्रसिद्ध समाज सेवी राजस्थान जैन युवा महासभा के संस्थापक अध्यक्ष ज्ञानचंद झाझरी अनोखी पत्रिका के प्रधान संपादक मनीष वैद , युवा समाजसेवी विनोद जैन छाबड़ा विनोद जैन कोटखावदा सुधीर गंगवाल जैन गजट के राजा बाबू गोधा, सतीश काला सम्मिलित हुए।



# जनकपुरी में पांच दिवसीय श्री जिन सहस्त्र नाम विधान

## विधान में मण्डल पर तीसरे दिन चढ़ाये गये तीन सो अर्घ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी- ज्योतिनगर जैन मंदिर में उपाध्याय श्री 108 वृषभा नन्द जी मुनिराज ससंघ के सानिध्य में चल रहे पाँच दिवसीय श्री जिन सहस्त्र नाम विधान पूजन के कार्यक्रम में तीसरे दिन रविवार को इंद्र इन्द्राणियों द्वारा भगवान के तीन सो नामों के तीन सो अर्घ मण्डल पर भक्ति भाव के साथ चढ़ाये गए। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम्-जैन बिलाला ने बताया कि प्रातः विधान मण्डल पर श्रीजिन की शांति धारा सौधर्म इंद्र मयंक पाटनी व इंद्र जिनेंद्र जैन व डा० इंद्र जैन द्वारा की गई।विधानाचार्य नमन जैन ने व संगीतकार ऋषब जैन द्वारा संगीतमय विधान भक्ति भाव के साथ कराया जा रहा है। विधान के दौरान उपाध्याय वृषभा नन्द जी द्वारा नित्य प्रवचन का कार्यक्रम होता है। उपाध्याय संघ के पाद प्रक्षालन व शास्त्र भेंट का पुण्य लाभ सौभाग मल जैन को प्राप्त हुआ। शाम को रानू व नरेन जैन के सहयोग से बहुत ही ज्ञान वर्धक कार्यक्रम कौन बनेगा ज्ञानवान का आयोजन हुआ ।मंगलवार को हवन पूजन के साथ विधान पूर्ण होगा।





## वेद ज्ञान

# जीवन में संगठन का महत्व

मनुष्य के जीवन में संगठन का बड़ा महत्व है। अकेला मनुष्य शक्तिहीन है, जबकि संगठित होने पर उसमें शक्ति आ जाती है। संगठन की शक्ति से मनुष्य बड़े-बड़े कार्य भी आसानी से कर सकता है। संगठन में ही मनुष्य की सभी समस्याओं का हल है। जो परिवार और समाज संगठित होता है वहां हमेशा खुशियां और शांति बनी रहती है और ऐसा देश तरक्की के नित नए सोपान तय करता है। इसके विपरीत जो परिवार और समाज असंगठित होता है वहां आए दिन किसी न किसी बात पर कलह होती रहती है जिससे वहां हमेशा अशाति का माहौल बना रखता है। संगठित परिवार, समाज और देश का कोई भी दुश्मन कुछ नहीं बिगाड़ सकता, जबकि असंगठित होने पर दुश्मन जब चाहे आप पर हावी हो सकता है। संगठन का प्रत्येक क्षेत्र में विशेष महत्व होता है, जबकि बिखराव किसी भी क्षेत्र में अच्छा नहीं होता है। संगठन का मार्ग ही मनुष्य की विजय का मार्ग है। यदि मनुष्य किसी गलत उद्देश्य के लिए संगठित हो रहा है तो ऐसा संगठन अभिशाप है, जबकि किसी अच्छे कार्य के लिए संगठन वरदान साबित होता है। प्रत्येक धर्म ग्रंथ संगठन और एकता का संदेश देते हैं। कोई भी धर्म आपस में बैर करना नहीं सिखाता। सभी धर्मों में कहा गया है कि मनुष्य को परस्पर प्रेमपूर्वक वार्तालाप करना चाहिए। मनुष्य जब एकमत होकर कार्य करता है तो संपन्नता और प्रगति को प्राप्त करता है। संगठन में प्रत्येक व्यक्ति का विशेष महत्व होता है इसलिए जब मनुष्य संगठित होकर कोई कार्य करता है तो उसके परिणाम में विविधता देखने को मिलती है। जिस तरह प्रत्येक फूल अपनी-अपनी विशेषता और विविधता से किसी बगीचे को सुंदर व आकर्षित बना देते हैं उसी तरह मनुष्य भी अपनी-अपनी विशेषता और योग्यता से किसी भी कार्य को नया आयाम प्रदान कर सकते हैं। यह भी संभव नहीं है कि किसी विषय पर सभी व्यक्तियों का मत एक जैसा ही हो, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति किसी विषय या समस्या को अपने नजरिये से ही देखता है और इसी आधार पर उसका समाधान भी खोजता है, लेकिन जब बात संगठन की आती है तब मनुष्य को वही करना चाहिए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों का भला हो।

## संपादकीय

# अदाणी समूह की मुश्किलें...

अदाणी समूह एक बार फिर मुश्किल में है। इस बार एक्टिविस्ट शॉर्ट सेलर समूह हिंडनबर्ग रिसर्च की तुलना में कहीं अधिक विश्वसनीय स्रोत की ओर से समूह के खिलाफ आरोप लगाया गया है। गत वर्ष हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट के कारण बाजार में भूचाल आ गया था। वह रिपोर्ट अदाणी समूह की वित्तीय स्थिति से संबंधित थी। इस बार ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ न्यूयॉर्क के फेडरल प्रॉसिक्यूटर समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी, उनके



भतीजे तथा कुछ अन्य अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि उन्होंने अनुबंध हासिल करने के लिए भारत सरकार के अधिकारियों को रिश्वत दी। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन द्वारा की जा रही जांच में अगर आरोप साबित होते हैं तो यह अमेरिकी कानूनों का उल्लंघन होगा क्योंकि अन्य देशों में रिश्वत देने को भी अमेरिकी निवेशकों के साथ धोखाधड़ी माना जाता है। आरोपों में यह बात भी शामिल है कि जांच एजेंसियों को भ्रमित किया गया और इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणों को मिटाया गया। अमेरिकी बाजार नियामक सिक्युरिटीज ऐंड एक्सचेंज कमीशन ने भी एक समांतर मामला दर्ज किया है। अदाणी समूह ने आरोपों से इनकार किया है। बहरहाल, यह खबर आते ही समूह की कंपनियों को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ, हालांकि अगले दिन उन्होंने कुछ हद तक वापसी कर ली। संभव है कि समूह को अदालतों में जीत भी हासिल हो जाए। यकीनन यह एक खुला प्रश्न है कि क्या जनवरी में डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद संभाल लेने तथा न्याय विभाग में कई पदों पर नियुक्तियां बदलने के बाद भी इस मामले में अभियोजन जारी रहेगा। इसके बावजूद जब तक यह प्रक्रिया चलेगी अदाणी समूह तथा उसकी कंपनियों को इसकी कीमत चुकानी होगी। समूह को पहले ही 60 करोड़ डॉलर की बॉन्ड बिक्री को निरस्त करना पड़ा है। समूह के कई उपक्रम शायद अब नजर ही नहीं आएं। नैरोबी के जोमो केन्याटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को नए सिरे से विकसित करने और उसे तीन दशक तक चलाने की 1.85 अरब डॉलर की उसकी योजना केन्या में काफी समय से विरोध प्रदर्शन का विषय रही है। अब अमेरिका से यह मामला सामने आने के बाद इस सौदे को औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया गया है। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने राष्ट्र प्रमुख के रूप में केन्या की संसद को संबोधित करते हुए यह घोषणा की, हमारी जांच एजेंसियों और साझेदार देशों से हासिल नई सूचनाओं के कारण हम इस साझेदारी को समाप्त कर रहे हैं। रुटोबिजली की लाइनों के उन्नयन के 73.6 करोड़ डॉलर के सौदे को भी समाप्त कर दिया, हालांकि इस सौदे को एक स्थानीय अदालत पहले ही निलंबित कर चुकी थी। समूह के व्यापक हितों को देखते हुए आने वाले दिनों में ऐसी और घटनाएं देखने को मिल सकती हैं। एक ऐसे समूह के लिए जो ऐसे क्षेत्रों में काम करता है जहां पैसे जुटाने और राजनीतिक जोखिम कम करने की क्षमता अहम है, ऐसी खबर को आसानी से भुलाया नहीं जा सकता है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# शब्दों की दुनिया

साल 2024 अब समापन की ओर बढ़ चला है और उसके साथ ही वार्षिक समीक्षाओं का दौर भी शुरू हो गया है। इसी कड़ी में कैम्ब्रिज डिक्शनरी ने 'मेनिफेस्ट' को 'वर्ड ऑफ द ईयर' या वर्ष का शब्द करार दिया है। लैटिन और फ्रेंच से उधार लेते हुए बने इस शब्द का पहले अर्थ था- आसानी से देखा जाने वाला या स्पष्ट, पर इसका अब अर्थ बदलकर हो गया है कल्पना करना कि आप क्या घटित होने देना चाहते हैं। मेनिफेस्ट शब्द को वर्ष का शब्द इसलिए चुना गया है, क्योंकि साल 2024 में इस शब्द को कैम्ब्रिज डिक्शनरी पर सर्वाधिक 1,30,000 बार खोजा गया है। मेनिफेस्ट शब्द की यात्रा गौर करने लायक है, इससे पता चलता है कि भाषा या शब्दों की दुनिया में समय के साथ बदलाव की प्रक्रिया चलती रहती है। वैसे तो ज्यादातर शब्दों का अर्थ वही है, जो हजार साल पहले था, पर कुछ शब्द ऐसे हैं, जिनके अर्थ में बदलाव या विस्तार हुआ है। मेनिफेस्ट शब्द की ही चर्चा करें, तो इसका उल्लेख 600 साल पहले भी उपलब्ध था। एक रोचक तथ्य यह भी है कि 200 साल पहले इस शब्द का उपयोग अमेरिकी राजनीति में 'प्रकट नियति' के संदर्भ में किया गया था। मेनिफेस्ट से ही जुड़ा शब्द मेनिफेस्टो है, जिसका अर्थ है-घोषणापत्र। घोषणापत्र शब्द का इस्तेमाल ज्यादातर देशों की सियासी पार्टियां करती हैं। खैर, शब्दों की दुनिया अद्भुत है और अंग्रेजी की लगभग एकरूपता की वजह से कुछ अंग्रेजी शब्दकोश काफी लोकप्रिय हैं। कैम्ब्रिज डिक्शनरी अंग्रेजी भाषा सीखने वालों के लिए दुनिया की सबसे लोकप्रिय डिक्शनरी है। उसे पढ़ने और देखने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। वैसे तो दुनिया शब्दों के मामले में पहले की तुलना में लापरवाह हुई है, पर शब्दों की शुद्धता की चिंता कमोबेश हर देश- समाज में पाई जाती है। इस साल कुछ नए शब्दों को भी डिक्शनरी में शामिल किया गया है। जैसे ब्राट शब्द एक ऐसा बच्चा, जो खराब व्यवहार करता है। डेम्यूर शांत और व्यवहार कुशल। इसी तरह एक शब्द है गोल्डिलॉक्स परिस्थिति विशेष के एकदम अनुकूल। एक नया उपयोगी शब्द डिक्शनरी में शामिल हुआ है इकोटेरियन ऐसा व्यक्ति जो सिर्फ वही चीज खाता है, जिससे पर्यावरण को कोई क्षति नहीं पहुंचती। कैम्ब्रिज की डिक्शनरी की तरह ही ऑक्सफोर्ड की डिक्शनरी भी काफी लोकप्रिय है और हिंदी शब्दों के संदर्भ में अगर देखें, तो ऑक्सफोर्ड की डिक्शनरी में हिंदी के शब्द ज्यादा सहजता से शामिल पाए जाते हैं। इधर, हिंदी का कोई नया शब्द अंग्रेजी डिक्शनरी में शामिल नहीं हुआ है। यह बात गौर करने की है कि इस साल अंग्रेजी के शब्दों का हिंदी में ज्यादा इस्तेमाल हुआ है। इस्तेमाल और समावेश में अंतर है। आमतौर पर हिंदी साहित्यकार जब अंग्रेजी का कोई शब्द लेते हैं, तो उसे अंग्रेजी ही मानते हैं और शायद बोलचाल या विद्वता के दबाव में हिंदी वाक्य में अंग्रेजी शब्द जस के तस रख दिए जाते हैं। किसी हिंदी शब्दकोश की कोई ऐसी स्थापित परंपरा नहीं है, जहां अंग्रेजी के शब्दों को हिंदी का बना लिया जाए। दूसरी ओर, अंग्रेजी डिक्शनरी में हिंदी शब्दों का समावेश सहज ही होता रहा है। अनेक शब्द हैं, जो अब अंग्रेजी में शामिल हैं- जंगल, ठग, दादागिरी, जुगाड़, दोस्ताना, बिंदास, शरारत, सब, जांबाज, सफर, दीदी, चमचा, चक्का जाम इत्यादि।

# मोती कटरा जैन बड़ा मंदिर में संपन्न हुआ चौसठ रिद्धि विधान

**आगरा. शाबाश इंडिया**

आर्यिका श्री विश्रेय माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के तप कल्याणक महोत्सव के अवसर पर मोती कटरा स्थित श्री अग्रवाल दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में चौसठ रिद्धि विधान सानंद संपन्न हुओजिसमें विधान का शुभारंभ भक्तों ने श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ कियोइसके बाद इंद्र-इंद्राणियों ने आर्यिकाश्री के मुखारविंद से उच्चारित्र मंत्रोच्चारण के साथ श्रीजी के समक्ष मांडलें पर 64 अर्घ्य एवं श्रीफल अर्पित करते हुए 64 रिद्धि विधान की मांगलिक क्रियाएं संपन्न कीविधान में मौजूद सभी इंद्र-इंद्राणियों ने हाथों में चंबर लेकर संगीतकार के मधुर भजनों पर नृत्य कर प्रभु की भक्ति कीे इस दौरान श्री अग्रवाल दिगंबर जैन मंदिर समिति ने आर्यिकाश्री विश्रेय माताजी के समक्ष श्रीफल एवं शास्त्र भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंदिर राकेश जैन पदेर्वाले मंत्री अनिल जैन, अर्थमंत्री अनंत जैन,



संजीव जैन, विजय जैन, मनोज जैन, संजीव जैन, अंकित जैन, अजीत जैन, जयंती जैन, अनन्त कुमार जैन, मीडिया प्रभारी शुभम जैन, डॉली जैन अर्चना जैन, पायल जैन, समस्त मोती कटरा जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

रिपोर्ट: शुभम-जैन

## हर्ष गंगवाल ने 100 मीटर रेस मे सिल्वर मेडल प्राप्त किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर में स्थित सभी महेश्वरी स्कूल के इंटर महेश्वरी स्कूल टूर्नामेंट में एमपीएस इंटरनेशनल तिलक नगर की तरफ से खेलते हुए हर्ष गंगवाल ने 100 मीटर रेस में भाग लेकर ''ल्ला स्थान पर रहकर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जयपुर में हुए महेश्वरी स्कूल की सभी शाखओ के इंटर स्कूल टूर्नामेंट में एमपीएस इंटरनेशनल स्कूल तिलक नगर के छात्र हर्ष गंगवाल ( सुपुत्र डॉ. मुकेश स्वाति गंगवाल, जनता कॉलोनी ) जयपुर स्थित सभी महेश्वरी स्कूल के इंटर महेश्वरी स्कूल टूर्नामेंट में 100 मीटर की रेस में द्वितीय स्थान पर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर हर्ष के समाजसेवी सुधीर मंजू गंगवाल सहित परिवारजनों और कॉलोनी वासियों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारिया में 101 स्वेटर वितरण

**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**


श्रीमती वीरा सुनीता जैन गगंवाल सेवानिवृत वरिष्ठ अध्यापिका की प्रेरणा से सबको प्यार सबकी सेवा जीवों ओर जीने दो के उदेश्य वाली सस्था महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वाधान में मिठड़ी निवासी स्वरूप चंद जैन परिवार द्वारा सुकुन भरी सृदी हांड कंपाती ठंड मे कोई बालक ठिठरने पाए कि भावना तहत से स्थानीय विद्यालय के जरूरतमंद 101विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए ।कार्यक्रम में जगदीश राय ( सीबीईओ कुचामन ), देवीलाल दादरवाल,( सरपंच खारिया)संजय भार्गव,(पीईओ मिठड़ी )रामावतार गोयल,( अध्यक्ष महावीर इण्टरनेशनल ) सुरेश कुमार जैन बाबूलाल कुमावत मीठड़ी, प्रकाश चंद्र पाटोदी ओमप्रकाश सिंघाड़िया, मोहित जैन,नंदकिशोर बिड़सर आदि मंचस्थ रहे। मां सरस्वती के पूजन के उपरांत कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत हुयी मंचस्थ अतिथियों का प्राचार्य दिनेश चंद्र लाडना द्वारा माल्यार्पण व साफा बन्धन करके स्वागत किया गया। स्वेटर पाने पर बच्चो के चहरे



खुशी से (चहक) खिल उठे । संस्था प्रधान दिनेश चंद्र लाडला द्वारा भामाशाह स्वरूप चंद जैन व महावीर इनटरनेशनल का धन्यवाद ज्ञापित किया गया कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार जोशी वरिष्ठ अध्यापक ने किया कार्यक्रम में सुचेता, मूलाराम,मंजू चौधरी,बिरदा राम ,शंकर दास, शिवपाल सिंह, रामेश्वर लाल,प्रवीण कुमार, विनोद कुमार, ज्योति वर्मा,शीला कंवर, मोनिका तारेश कुमार, मो आरिफ, रतनलाल आदि उपस्थित रहे।

संविधान दिवस विशेष

# जय संविधान




भारत की जान ,है संविधान ।
भारत की शान,है संविधान ।।
जय जय संविधान,जय संविधान ।
जय जय संविधान,जय संविधान ।।

सब है समान ,सबका सम्मान ।
मौलिक अधिकार,है वरदान ।।
देता हर उलझन,का समाधान ।
लोकतंत्र की ताकत है मतदान ।।

भारत की आन,है संविधान ।
भारत की जान है संविधान ।।
जय जय संविधान,जय संविधान ।
जय जय संविधान,जय संविधान ।।

कर्तव्य का बौध कराता है ।
सज्जनता का पाठ पढ़ाता ।।
निर्बल को सबल बनाता है ।
अपराधी को दण्ड दिलाता है ।।

अभय का दान है संविधान ।
भारत की जान है संविधान ।।
जय जय संविधान,जय संविधान ।
जय जय संविधान,जय संविधान ।।

गीता चाहे, पढ़ते हो कुरान ।
माना हर धर्म का अपना गान ।।
कोई भी जाति हो खानदान ।
विभिन्नताओं का हिंदुस्तान ।।

हर दिल का गान, है संविधान ।
भारत की जान ,है संविधान ।।
जय जय संविधान,जय संविधान ।
जय जय संविधान,जय संविधान ।।



नवीन जैन नव बीगोद राजस्थान

# राजापार्क गुरुद्वारे में शुरू हुआ कपड़ों का लंगर...!



## राज खालसा एड्, जयपुर की अनूठी पहल...!

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गुरुद्वारे जाति और धर्म से दूर ऐसे धर्मसाल (धर्मशालाएं)हैं जो गुरबाणी के गायन, लोगों के आश्रय और लंगर के कारण जाने जाते हैं। जयपुर के राजापार्क स्थित ''गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा'' ऐसा गुरुद्वारा है जहां नित-नियम की यह सारी पारम्परिक सेवाएं तो चल ही रहीं हैं साथ में ''कपड़ों का लंगर'' एक अनूठी सेवा क्लॉथ बैंक के माध्यम से हो रही है। लोग अपने परिवार के अनयूज्ड और धुले हुवे कपड़े इस क्लॉथ बैंक में डोनेट कर जाते हैं। जिन्हें राज खालसा एड अपने सेवादारों के माध्यम से प्रेस करवाकर उन पर नाप का टैग लगा कर जरूरतमंदों को भेंट करते हैं। ऐसे गरीब परिवार जो अपने घर का खर्च और बच्चों की पढ़ाई कारण अपने और बच्चों के लिए कपड़ों खरीद नहीं पाते, और संकोच वश ऐसी जरूरत के लिए किसी से कहते भी नहीं हैं। ऐसे परिवार हमारे लाभार्थी हैं, उन्हें कपड़े देते हैं। यह सेवा रिटायर्ड बैंक ऑफिसर्स द्वारा संचालित रजिस्टर्ड एनजीओ राज खालसा एड् द्वारा राजापार्क गुरुद्वारा साहिब परिसर में की जा रही है। राज खालसा एड् के अध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह चावला बताते हैं- यह संस्था हर बुधवार को 400 मरीजों और उनके अटेंडेंट्स के महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट पर लंगर लगाती है। और हर महीने 31परिवारों को 1500/- मूल्य वाली राशन किट भेजती है। यह सेवा करोना काल में शुरू हुई थी जो आज भी चालू है। संस्था ने अभी हाल ही में क्लॉथ बैंक की स्थापना की है जिसके अंतर्गत डोनर्स से कपड़े एकत्रित कर, उन्हें प्रेस करवाते हैं। लेडीज, जेंट्स और बच्चों के कपड़ों की छटनी कर उनपर नाप लिख उन्हें पालीथीन बैग में पैक करते हैं। हर लाभार्थी को एक पेंट और शर्ट दी जाती है। रिजर्व बैंक से रिटायर्ड डीजीएम रतन सिंह अरोड़ा बताते हैं कि कपड़े देते समय किसी भी तरह का आईडी प्रूफ नहीं देखा जाता उसकी जरूरत अनुसार कपड़े दे दिए जाते हैं। सिख जाग्रति के संपादक ओंकार सिंह इस क्लॉथ बैंक का सारा प्रबंधन संभालते हैं। दूर-दूर से डोनर्स आकर अपने स्पेयर क्लॉथ बैंक में दे जाते हैं। ऐसे परिवार जिनके बच्चे विदेशों में सेटल्ड हो गए हैं उनके ब्रांडेड कपड़ों हमे दे जाते हैं। ऐसे कपड़ों की हमारे यहां भरमार रहती है। डोनर्स की इच्छा रहती है कि उनके कपड़ों का सदुपयोग हो। पढ़ाई करने वाले नौजवान बच्चे-बच्चियों को दिए जाएं और लाभार्थियों की प्राइवेसी का ध्यान रखा जाए। इसीलिए हम कोई फोटो सेशन नहीं कराते। क्लॉथ बैंक सायं 3 बजे खुलता है। इस सेवा में अर्जुन सिंह, सुखपाल सिंह, बलबीर सिंह, सतपाल सिंह नरूला, वरिंदर सिंह नारंग, चरणजीत सिंह नारंग अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सिख समाज के अध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह बताते हैं कि देश के गुरद्वारों ने करोना काल में पीड़ितों के लिए लंगर लगाए,




ऑक्सीजन के सिलेंडर उपलब्ध करवाए, घर-घर जाकर राशन किट और दवाइयों उपलब्ध करवाई। यह कपड़ों का लंगर उसी सेवा का एक्सटेंशन है। कई बार तो जो कपड़े देने आता है उसे कोई कपड़ा पसंद आता है तो अपने लिए ले जाता है। इस कपड़े बैंक मैं कोई पाबंदी या शर्त नहीं। बेशक कपड़े पुराने होते हैं पर नए से कम भी नहीं होते। **डोनर्स और लाभार्थी ओंकार सिंह से फोन 9982222606 पर संपर्क कर सकते हैं।**

# संत, समाज, संस्कृति को समर्पित अनूठा व्यक्तित्व डा. जैनेंद्र जैन: प्रकाश जैन

**इंदौर. शाबाश इंडिया**

क्या किसी व्यक्ति का समूचा जीवन बीमारों की तीमारदारी और संत, साहित्य, कला व समाजसेवा को समर्पित रहा हो तो इस प्रश्न का जवाब 78 वर्षीय डा. जैनेंद्र जैन के रूप में सामने आता है। लोगों को एकजुट करने की क्षमता और उनके सेवा कार्यों ने शहर में उन्हें एक खास पहचान दी है। किसी बीमार व जरूरतमंद व्यक्ति की समस्या के समाधान की बात आती है तो लोग उनके छत्रपति नगर स्थित निवास का रास्ता दिखा देते हैं। वे उसकी मुलाकात समाज के ऐसे सेवाभावी व्यक्ति से करा देते हैं जो उसकी मदद प्रसन्न होकर कर दे। लोगों के बिगड़े काम बनाने की ख्याति उन्हें एक चिकित्सक होने के नाते नहीं मिली बल्कि सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सेवाभावी ट्रस्ट में दिए सहयोग के चलते मिली है। 35 वर्ष तक जूनी इंदौर कटकट पूरा में अपने क्लीनिक पर रोजाना कई लोगों को उपचार करने के दौरान उनके पास कई लोग ऐसे आते थे जो अपना उपचार नहीं करा पाते थे। बीमारी के चलते आई आर्थिक तंगी के कारण कई परिवारों के बच्चों के पास स्कूल की फीस भरने के पैसे नहीं होते थे। इसके चलते मूलचंद पारमार्थिक ट्रस्ट के ट्रस्टी रहते उन्होंने पिछले 20 वर्षों में दो हजार लोगों को चिकित्सा व शिक्षा सहायता प्रदान की। यह क्रम आज भी जारी है। इसके अतिरिक्त समाज की प्रतिभाओं को पहचान दिलाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्हें मंच देने के लिए वे विभिन्ना आयोजन करते रहते हैं। आदिनाथ दिगंबर जैन धार्मिक ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी होने के साथ वे अध्यक्ष और मंत्री पद पर भी रहे। इस दौरान आदिनाथ जिनालय के निर्माण में उनकी भूमिका को समाज याद करता है। उनके द्वारा मंदिर परिसर में ऋषभ सभागृह का निर्माण समाज को साथ लेकर किया गया। दिगंबर जैन परवार समाज में सम्मान की परंपरा का श्रेय भी उन्हीं को जाता है। समाज में सम्मान परंपरा की शुरूआत के शिल्पी उन्हें कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। सबसे पहले उन्होंने समाज के दो दिग्गज सुंदरलाल जैन बीड़ीवाले और अंजनी नगर में चंद्रप्रभु मांगलिक भवन के निर्माण करने वाले सोनेलाल जैन का अमृत महोत्सव आयोजित किया। इसमें केंद्रीय और प्रदेश के मंत्रियों की मौजूदगी रही। उन्होंने सम्मानित व्यक्ति को अभिनंदन पत्र और अभिनंदन स्मारिका भेंट कर परवार समाज में सम्मान की परंपरा शुरू की। इसके बाद प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह के आयोजन वर्ष में कई बार आयोजित



**35 वर्ष तक जूनी इंदौर कटकट पूरा में अपने क्लीनिक पर रोजाना कई लोगों को उपचार करने के दौरान उनके पास कई लोग ऐसे आते थे जो अपना उपचार नहीं करा पाते थे।**

होने लगे। उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए पर्यूषण पर्व-2022 के दौरान लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्ना समाचारों में संपादकों के नाम पत्र लिखने वाले लेखकों को संगठित कर पत्र लेखक संघ मध्य प्रदेश की स्थापना की। इसका उद्देश्य आम जनमानस की समस्याओं से अखबार के संपादकों को परिचित करना था। इसमें इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, महू, देवास और भोपाल के लेखक शामिल हैं। इनका वर्ष में एकबार मिलन समारोह भी आयोजित किया जाता है।

# जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का मनाया तप कल्याणक महोत्सव



फागी. शाबाश इंडिया

कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया तथा लदाना सहित कस्बे के जिनालयों में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर अहिंसा धर्म के प्रणेता वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर का तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कस्बे के चन्द्रप्रभु नसियां में प्रातः श्री जी का अभिषेक शांतिधारा करने बाद अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना कर विभिन्न पूवार्चार्यों के अर्घ्य अर्पित करने के बाद जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जयकारों के साथ तप कल्याणक महोत्सव अर्घ्य चढ़ाकर विश्व में सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई, कार्यक्रम में प्यार चंद पीपलू, केलास उनियारा, समाज सेवी केलास कलवाडा, मुनि भक्त सोहनलाल झंडा, सुरेश सांघी , रमेश माधोराजपुरा,रमेश बावड़ी, पारस नला,टीकम गिंदोडी, कमलेश सिंघल, डालू बावडी तथा राजाबाबू गोधा एवं संतोष गर्ग, सुशीला गर्ग,मैना देवी बावड़ी,,नोरती देवी गिन्दोडी, विमला जैन मांदी, सहित सभी श्राविकाएं मोजूद थे।

# पार्श्वनाथ जिनालय डडूका में मानस्तंभ की चार प्रतिमाजी जलाभिषेक के बाद वेदी पर विराजमान की



अजीत कोठिया. शाबाश इंडिया

डडूका। पार्श्वनाथ जिनालय डडूका स्थित मानस्तंभ की चार प्रतिमाजी को बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश के निर्देशन में विधि विधान पूर्वक अभिषेक शांतिधारा सम्पन्न करा वेदी पर जिनालय के गर्भगृह में विराजमान कराया गया। समाज प्रवक्ता राकेश शाह ने बताया कि प्रातः मंदिरजी में पाठशाला के बच्चों द्वारा घोष वादन के साथ मानस्तंभ स्थित चारों दिशाओं की चारों पार्श्वनाथ प्रतिमाजी को जिनालय लाया गया। प्रतिमाजी लाने, अभिषेक करने एवं गर्भ गृह स्थित वेदियों पर विराजमान करने का सौभाग्य वस्तुपाल केशवलाल शाह, विजयचंद रायचंद सेठ, शांतिलाल छगनलाल शाह तथा बदामीलाल छबिलाल कोठिया परिवार को मिला। चारों परिवारों को प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया ने दिगंबर जैन समाज डडूका की ओर से गंधोदक भर कर रजत कलश भेट किए समाज अध्यक्ष राजेश के शाह ने सभी अभिषेक कताओं और समाज जनों का आयोजन को सफल बनाने आभार व्यक्त किया। आयोजन मे अजीत कोठिया, भरत जैन, रमनलाल शाह, अनील कोठिया, राजमल शाह, दिनेश जे शाह, जय कुमार शाह, राजेन्द्र कोठिया, रितेश जे शाह, धनपाल शाह, सुधीर सेठ, मुकेश शाह, अशोक एम शाह, निवेश वीं शाह, लक्ष्मीलाल शाह, योगेश शाह, रोकी गांधी, चंद्रपाल सी शाह, हितेश जैन, तेजपाल शाह, मनोज एस शाह, मनोज सी शाह, अंकित डी शाह, महावीर जैन, मितेश आर शाह, महिपाल सेठ, धनपाल सेठ, जयदीप शाह, नमन कोठिया, दीपेश जैन, सुमित शाह, सूरजमल शाह, रितेश आर शाह, कांतिलाल शाह एवं प्रकाश भरड़ा सहित सभी समाजजनों, महिला मंडल की बहनों एवं पंचों ने हिस्सा लिया। अल्प समय में सृजित इस ऐतिहासिक आयोजन मे जैन समाज डडूका के युवाओं ओर बच्चो का उत्साह देखते ही बनता था।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग कार्यक्रम (राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025)

**दिल्ली।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा दिनांक 12 से 16 जनवरी तक प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष प्रधानमंत्री द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उद्घोषित किसी भी पारिवारिक पृष्ठभूमि से रहित 1 लाख नए युवाओं को राजनीति में शामिल करने की घोषणा की अनुपालना में राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के रूप में दिनांक 11 व 12 जनवरी, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाऐगा। एस पी भटनागर, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजस्थान ने बताया कि इसके अन्तर्गत विकसित भारत के लिए माननीय प्रधान मंत्री और राष्ट्र के समक्ष 15 से 29 आयु वर्ग के युवा अपने विचार रखेंगे। राष्ट्रीय युवक महोत्सव में भाग लेने हेतु भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा युवा नेतृत्व प्रतिभा की पहचान करने के लिए विकसित भारत चैलेंज एक बहुस्तरीय चुनौती पेश की जा रही है। इस प्रतिभा के लिए एक पारदर्शी और योग्यता आधारित प्रणाली होगी जो कि पिछले दशक में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन (दिनांक 25 नवम्बर से 5 दिसम्बर 2025) एवं विकसित भारत के विषयों पर एक निबंध / ब्लोग लेखन प्रतियोगिता का आयोजन और एक विजन डेक का निर्माण किया जाएगा। प्रतियोगिता का पहला दौर Quiz के माध्यम से 25 नवंबर से शुरू होगा और आखिरी तारीख 5 दिसम्बर होगी। 15 से 29 आयु वर्ग के युवा प्रतिभागी माई भारत प्लेटफार्म www.mybharat.gov.in पर लोग इन करके पंजीकरण कर सकते हैं।


श्री विनोद-श्रीमती हेमा जी सोगानी

उपाध्यक्ष दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति




की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

अध्यक्षः मनीष - शोभना लोंग्या

संस्थापक अध्यक्षः राकेश - समता गोदिका

सचिवः राजेश - रानी पाटनी

कोषाध्यक्षः दिलीप - प्रमिला जैन

सांस्कृतिक सचिवः कमल-मंजू ठोलिया

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# श्री सत्य साईं महराज का 99वां जन्म दिवस मनाया गया



**मुम्बई. शाबाश इंडिया।** मीरा रोड में श्री सत्य साईं महराज का 99बेवां जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महा पूजा एवं भजन व वेदों का उच्चारण हुआ तथा महा प्रसाद का भी वितरण किया गया। जिसका आयोजन शैलेश शेट्टी और समाजसेविका कवयित्री किरण मिश्रा ने किया। इस महापूजा में सैकड़ों भक्त उपस्थित थे जिनमें उल्लेखनीय लोगों में कवयित्री डॉ नीलिमा पाण्डेय, प्रो.कुसुम तिवारी, कृतायन पाण्डेय, वैष्णवी तिवारी, कवि लक्ष्मीकांत कमल नयन आदि थे। सभी भक्तों ने बड़ी श्रद्धा से भाग लिए और महाप्रसाद ग्रहण किया। सभी में भक्ति मय महौल था।

# डॉ प्रमिला जैन का क्षमा पर व्याख्यान



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

गुरु नानक कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्षमा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कोठारी ने स्वागत उद्बोधन दिया व कार्यक्रम की मुख्य वक्ता संगिनी मैन की अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन का माला, ऊपरना, शॉल व मोमेंटो देकर स्वागत किया। डॉ प्रमिला जैन ने क्षमा के बारे में उद्बोधन देते हुए कहा कि क्षमा करने के लिए हमें अपने भीतर के कषायों क्रोध, मान,माया,लोभ, राग-द्वेष आदि को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना है इन्हें समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी फादर्स डे, मदर्स डे, फ्रेंड्स डे, वेलेंटाइन डे आदि न जाने कितने-कितने प्रकार के डे सेलिब्रेट कर रही है इसी तरह पूरे विश्व में एक दिन फोरगिवनेस डे मनाए जाने की भी नितांत आवश्यकता है जिससे मानव जीवन में शांति व सद्भाव की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। क्षमा भाव को अपने जीवन में उतारने हेतु उन्होंने सभी बच्चों को शपथ भी दिलवाई। महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ अनुज्ञा पोरवाल ने धन्यवाद की रस्म अदा करते हुए कहा कि बच्चों के लिए क्षमावाणी पर महाविद्यालय में इस तरह का आयोजन किया जाना बच्चों के भविष्य निर्माण में बहुत ही सहायक साबित होगा।

# 103वां कन्यादान कार्यक्रम संपन्न

## 133 व 134 वीं कन्या का भरा मायरा



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

**ब्यावर।** श्रीमद् भागवतत प्रभात फेरीत परिवार द्वारा आज रघुनाथ जी के बड़े मंदिर पर परिवार के संरक्षक ओम प्रकाश घीया, संयोजक संजय घीया के सानिध्य में प्रभात फेरी परिवार द्वारा 103वाँ कन्यादान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके तहत विवाह योग्य चयनित परिवार की विवाह योग्य कन्या का श्रीमद् भागवत परिवार द्वारा मायरा भरा गया, परिवार द्वारा मायरा अपने स्तर पर भरा जाता है, भागवत परिवार द्वारा कन्या को डबल बेड पलंग, स्टील की अलमारी गद्दे, टेबल कुर्सी, छत का पंखा ,प्रेस,सिलाई मशीन, कूकर, स्टील की टंकी, पानी के केन, सोने चांदी के आभूषण, गो माता,तथा घरेलू रसोई के सामान, स्टील के बर्तन, शादी का बेस ,11 अन्य बेस तथा अन्य सभी दैनिक जरूरत की वस्तुएं मायरा स्वरूप भेंट की, इस अवसर पर परिवार के भजन गायकों द्वारा मायरे के भजनों की प्रस्तुति दी गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर दुल्हन की विदाई के साथ संपन्न हुआ।

# 'अपाहिज बचपन' ने सोचने पर किया विवश, भाव विभोर हुए दर्शक



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** सामाजिक मुद्दों पर अपनी मजबूत पकड़ और संवेदनशील दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध टीम संस्था ने 'अपाहिज बचपन' नामक नाटक का भव्य मंचन किया। यह नाटक समाज में बच्चों के अधिकारों की अनदेखी, उनकी तकलीफों और शिक्षा तथा स्वास्थ्य जैसे मूलभूत मुद्दों को उजागर करता है। समाज में बच्चों के अधिकारों और उनकी चुनौतियों को लेकर जागरूकता फैलाने हेतु इस नाटक में बच्चों की पीड़ा, उनकी समस्याएं और समाज द्वारा उपेक्षित मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। 'अपाहिज बचपन' की कहानी उन मासूम बच्चों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका बचपन गरीबी, बाल श्रम, शिक्षा की कमी और सामाजिक असमानता के कारण बर्बाद हो जाता है। नाटक ने भावनात्मक दृश्यों और सशक्त संवादों के माध्यम से दर्शकों के मन को झकझोर दिया। नाटक में संगीत संचालन जितेश घावरी, मंच सज्जा रामेश्वर गौड़, वेशभूषा शैलेन्द्र शर्मा के रही नाटक का निर्देशन व लेखन सुनील टांक के द्वारा किया गया, जो भारतीय थिएटर के जाने-माने निर्देशक हैं।जिन्होंने संवेदनशील विषय को गहराई से उभारते हुए दर्शकों के दिलों को छू लिया कलाकारों ने अपने अद्भुत अभिनय से नाटक को जीवंत बना दिया। मंच पर प्रस्तुत हर दृश्य ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के प्रति समाज की संवेदनहीनता को समाप्त करना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए जागरूकता फैलाना था। टीम संस्था के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि इस नाटक के जरिए यह संदेश दिया गया कि हर बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित बचपन का अधिकार है। इस अवसर पर मौजूद प्रमुख अतिथियों ने नाटक की सराहना की और समाज को ऐसे मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन राजस्थान का दीपावली स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह सम्पन्न






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रविवार को सांय खण्डेलवाल वैश्य महासभा भवन में आयोजित दीपावली स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह अन्नकूट कार्यक्रम, एक हजार समाज बंधुओ के प्रसादी ग्रहण करने के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल सिंघल ने कहा कि सभी वैश्य बंधु अलग अलग घटकों में न मानकर एक रहे ओर सभी घटक आपस में एक रहकर बच्चों का सम्बन्ध करें। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक दामोदर अग्रवाल ने बताया कि सभी समाज बंधु संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर समाज की एक जूटता का परिचय दे जिससे राजनीति में भी खोया वर्चस्व प्राप्त किया जा सके। प्रदेश महामंत्री केशव गुप्ता ने सभी प्रतिभान बच्चों एवं समाज समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। प्रदेश मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक पंकज गुप्ता ने कहा कि जब भी संस्था द्वारा आपको बुलाया जाए तो ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। प्रवक्ता जिनेश कुमार जैन ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिवांगी जैन एवं आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया।

# गर्म वस्त्र की सेवा से 225 ग्रामीण हुए लाभान्वित

## आओ गांव चले सेवा करे के अंतर्गत समिति सदस्याओं ने ग्राम मांगलियावास में सेवा दी




**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवामहिला संभाग अजमेर की गोधा गवाड़ी के तत्वावधान में अजमेर के अंचल में बसा ग्राम मांगलियावास में जीवन यापन कर रहे महिला पुरुषों के साथ विशेकर बच्चो को गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। गोधा गवाड़ी इकाई की अध्यक्ष शशि जैन ने बताया कि श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग के अध्यक्ष अतुल पाटनी, समिति संरक्षक एवं समाजसेवी राकेश पालीवाल,समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी एवं अन्य भामाशाहों के सहयोग से इकाई की सदस्याओं ने श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के मुख्य आथित्य में ग्रामवासियों के मध्य ऊनी जर्सी,हुडी,ब्लेजर,गर्म पायजामे आदि का वितरण किया। इस अवसर पर इकाई अध्यक्ष शशि जैन,श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी संतोष बाकलीवाल एव प्रियंका पाटनी ने सेवा का वितरण किया।

# भक्ति भाव से मनाया जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का तप कल्याणक दिवस

## दिगम्बर जैन मंदिरों में हुए पूजा अर्चना के विशेष आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का तप कल्याणक महोत्सव सोमवार, 25 नवम्बर को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये। अभादिजैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि प्रातः भगवान महावीर स्वामी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। तत्पश्चात भगवान महावीर की अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की गई। पूजा के दौरान ''मंगसिर असित मनोहर दशमी ता दिन तप आचरना। नृप कुमार घर पारन कीनो मै पूजों तुम चरना ।। मोहि राखो हो सरना श्री वर्धमान जिन राय जी।।'' का सामूहिक उच्चारण करते हुए मंत्रोच्चार के साथ तप कल्याणक अर्घ्य चढाया गया। महाआरती के बाद समापन हुआ। जैन के मुताबिक चित्रकूट कालोनी सांगानेर के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, गोपाल जी का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर महावीर स्वामी (काला डेरा), शांतिनाथ जी की खोह, आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, सिद्धार्थ नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर महावीर स्वामी खण्डाकान, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, वैशाली नगर, वरुण पथ मानसरोवर, श्यामनगर, प्रताप नगर सैक्टर 5, सहित कई मंदिरों में तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

# मेवाड़ धर्म प्रमुख ने दी मेवाड़ के महाराणा को बधाई



उदयपुर. शाबाश इंडिया

मेवाड़ धर्म प्रमुख एवं शंकराचार्य पीठ के धर्मांसद अधिकारी श्री श्री रोहित गोपाल भैया ने मेवाड़ के महाराणा पद पर विराजमान हुए विश्वराज सिंह मेवाड़ को बधाई दी। उन्होंने महाराणा के राजतिलक के अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे मेवाड़वासियों के लिए गर्व का विषय बताया। रोहित गोपाल ने कहा, विश्वराज सिंह का इस गरिमामय पद पर विराजमान होना हमारे लिए सम्मान की बात है। मेवाड़ की इस पवित्र भूमि के आशीर्वाद से महाराणा विश्वराज सिंह हमेशा सनातन धर्म और गौमाता की सेवा में तत्पर रहें, यही इस क्षेत्र की शुभकामनाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महाराणा के राजतिलक से मेवाड़ में शौर्य और सनातन संस्कृति की सच्ची सेवा का एक नया युग शुरू हुआ है, जो आने वाले समय में क्षेत्र को गौरव प्रदान करेगा। रोहित गोपाल ने यह भी उल्लेख किया कि राणा प्रताप के गौरवशाली इतिहास को समर्पित, महाराणा विश्वराज सिंह की नेतृत्व में मेवाड़ क्षेत्र एक नए स्वर्णिम शिखर की ओर बढ़ेगा। उन्होंने अपने दिल से इस महान कार्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह राजतिलक मेवाड़ के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, हम सबकी शुभकामनाएं महाराणा के साथ हैं। उनका नेतृत्व मेवाड़ को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाए और इस क्षेत्र में सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बने।

# कल्पद्रुम महामण्डल विधान में श्रद्धालुओं ने अर्पित किए चार लाख अर्घ्य

## जीवन में श्रेष्ठ गुणवत्ता प्राप्त करने वाले महावीर जैसे पूजनीय व वंदनीय हो जाते हैः मुनि समत्व सागर



## जीवन में वाणी व भोजन ही नहीं आचरण भी श्रेष्ठ होना चाहिएः मुनि समत्व सागर

जयपुर. शाबाश इंडिया

थाना सर्किल सांगानेर पर स्थित चित्रकूट कालोनी में कवर का बाग स्थित राजगृही नगरी में मुनि समत्व सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 18 नवम्बर से चल रहे कल्पद्रुम महामंडल विधान में आठ दिनों में श्रद्धालुओं ने समोवशरण में विराजित जिनेंद्र प्रभु के समक्ष चार लाख अर्घ्य अर्पित कर आत्म कल्याण की कामना की। महामण्ड़ल विधान का बुधवार को विश्व शांति महायज्ञ के बाद विशाल शोभायात्रा के साथ समापन होगा। मंदिर समिति अध्यक्ष केवल चंद गंगवाल ने बताया कि विधानाचार्य विकर्ष शास्त्री के सानिध्य में सोमवार को प्रातः विशेष पूजा अर्चना के साथ ऋद्धि मंत्रों के साथ श्री जी की शांतिधारा की गई। शांतिधारा का सौभाग्य बालमुकुन्द सुभाष सौगानी बाँली, ताराचंद नीतेश दौसा, सत्यनारायण मित्तल परिवार ने प्राप्त किया। विधान में चौसठ ऋद्धि पूजा में केवली भगवान को अर्घ्य अर्पित किए गये। धर्म सभा में मुनि समत्व सागर महाराज व शील सागर महाराज के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य अनिल जैन संभव पाटनी प्रहलाद कॉलोनी परिवार को तथा शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य अरुण निशा शाह रॉयल एवेन्यू , राजलता ठोलिया व मंजुला प्रतीक गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ। मंत्री अनिल जैन काशीपुरा ने बताया कि मुनि श्री के सानिध्य में भक्तों का सैलाब उमड़ता ही जा रहा है। सोमवार को कीर्ति नगर जैन मंदिर , मांग्यावास जैन मंदिर , प्रताप नगर सेक्टर तीन , जैन समाज फुलेरा सहित अन्य स्थानों से आये श्रद्धालुओं ने संगीत नृत्य के साथ मुनि श्री को श्रीफल भेंट कर आमंत्रण दिया । इसके बाद अभिषेक गंगवाल परिवार के यहाँ मुनि शील सागर महाराज की आहारचर्या हुई। मुनि श्री ने प्रातः अंबिका कॉलोनी जैन मंदिर के दर्शन भी किए।

## अंतरंग में स्थापित धर्म को जगाने का माध्यम है पूजा विधान- मुनि समत्व सागर

मुनि समत्व सागर महाराज ने समोवशरण में विराजित होकर भूमि प्रदाता दीपक बोहरा परिवार के प्रश्न का समाधान करते हुए कहा कि पूजा करना ही धर्म नहीं है , धर्म क्षण दो क्षण का नहीं है , धर्म तो त्रेकालिक होता होता है जो सबके अंतरंग में होता है तथा पूजा विधान हमारे अंतरंग में स्थापित धर्म को पहचानने का माध्यम होता है । उन्होंने कहा कि आप तात्कालिक धार्मिक नहीं त्रेकालिक धार्मिक बनने का प्रयास करे। मुनि श्री ने कहा कि व्यक्ति की नहीं गुणों की पूजा होती है इसीलिए हमेशा जीवन में गुणवत्ता पैदा करने के प्रयास करे। जिन जिन ने अपने जीवन में गुणवत्ता प्राप्त कर ली है वह हमेशा महावीर पारसनाथ के जैसे पूजनीय और वंदनीय हो जाते हैं। महाराज ने कहा कि हम जिन शासन में जी रहे है इसीलिए हमारी वाणी और भोजन ही नहीं बल्कि आचरण भी श्रेष्ठ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य शाश्वत होता है जो ना उत्पन्न होता है और ना ही समाप्त होता है। सत्य कभी बदल नहीं सकता और जो बदल जाये वो सत्य नहीं हो सकता है।

## पूजाओ का समुच्चय है कल्पद्रुम विधान

मीडिया समन्वयक महावीर सुरेंद्र जैन एडवोकेट ने बताया कि कल्पद्रुम मण्डल विधान एक पूजा न होकर पूजाओ का समुच्चय होकर सबसे बड़ा विधान है ।जिसने



नवदेवता पूजा, अहर्चक्र समुच्चय पूजा सोलह कारण पूजा अहर्त गुण पूजा माननस्तंभ मंडितअहर्त पूजा सप्तभूमि मंडित अहर्त पूजा श्रीमंडप भूमि मंडित अहर्त पूजा त्रय पीठिका मंडित अहर्त पूजा दिव्य ध्वनि पूजा गणाधर मुनिवर पूजा चौसठ ऋद्धि पूजा चौबीस तीर्थंकर पूजा सहरस्त्रनाम पूजा आदि होती है जिनमे समोवशरण की कल्पना की जाकर चक्रवर्ती, सौधर्म इंद्र , यज्ञनायक व अन्य इंद्र व इंद्राणी बनकर पूजा में अर्घ्य अर्पित किये जाते है । समोवशरण में गणधर परमेष्टि के रूप में मुनि महाराज विराजित होते है तथा कल्पवृक्ष के नीचे चारो दिशाओं की और भगवान की प्रतिमाएँ विराजित होती है।

## बुधवार को होगा विश्व शांति महायज्ञ

समिति के ओमप्रकाश कटारिया व योगेश पाटनी ने बताया कि बुधवार को महामंडल विधान के अंतिम दिवस को विश्व शांति व मानव कल्याण की भावना के साथ मुनि समत्व सागर महाराज व शील सागर के सानिध्य में विश्व शांति महायज्ञ किया जाएगा। श्रद्धालुओं द्वारा हवन कुंडों में मन्त्रों के साथ पाँच लाख अर्घ्य अर्पित किए जाएँगे। जिसके बाद भव्य रथयात्रा के साथ श्री जी को मंदिर में विराजमान किए जायेंगे।

-विनोद जैन कोटखावदा